प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने आज हमीरपुर ज़िले में नादौन क्षेत्र के सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर में प्रदेश का पहला सांईस कॉलेज खोलने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि हमारे युवा ज्ञान अर्जित करने के साथ–साथ अपने सपनों को आकार देने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कॉलेज परिसर में बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास भी किया।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार कौशल आधारित और रोजगारपरक शिक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। ये बात आज उन्होंने प्रदेश के सबसे पुराने राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी के 75वें वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए कही। रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्ष 1948 में स्थापित वल्लभ महाविद्यालय का शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान रहा है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे मंडी ज़िला संवाददाता।

डिस्पैच––34''–शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही सभी राजकीय महाविद्यालयों की रैंकिंग शुरू करने जा रही है और इसकी प्रक्रिया इसी माह से शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत प्रदेश के सभी 134 कॉलेजों को शामिल किया जाएगा, जबकि अभी तक नैक के तहत केवल 34 कॉलेज ही आते हैं। उन्होंने कहा कि इससे कॉलेजों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलेगा। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में ढांचागत सुविधाओं के विकास के साथ–साथ शिक्षकों की नियुक्ति पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया है कि युवा आपदा मित्र योजना के तहत प्रशिक्षित युवा आपदा मित्रों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने सदन में ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व और भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एन.डी.एम.ए. ने महिला स्वयं सेवकों को आपदा सखी के रूप में शामिल करने का प्रावधान किया है।

गैस आपूर्ति

खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक रामकुमार गौतम ने कहा है कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस उपलब्ध हैं और गैस की सप्लाई भी नियमित रूप से मिल रही है। आज शिमला में उन्होंने कहा कि लोग घबराहट में बहुत ज्यादा एडवांस बुकिंग करवा रहे हैं और ओवर लोड

की वजह से गैस एंजेसियों की वैब साईट बंद हो गई है। राम कुमार गौतम ने जरूरत के मुताबिक ही गैस की बुकिंग करने की अपील की है। ——बाईट—रामकुमार गौतम——

विनोद सुल्तानपुरी

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा है कि राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के समावेशी विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज परवाणु में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण के बाद कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सुल्तानपुरी ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए भी विभिन्न योजनाएं आरम्भ की गई हैं।

जनगणना—2027

जनगणना—2027 के प्रथम चरण की गणना की तैयारियों के तहत मंडी में आज तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच का प्रशिक्षण आरंभ हुआ। इस अवसर पर मंडलायुक्त आर.के. प्रुथी ने अधिकारियों व कर्मचारियों से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनगणना—2027 दो चरणों में संचालित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण व मकानों की गणना की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। आर.के. प्रुथी ने कहा कि मकान सूचीकरण के माध्यम से मकानों की स्थिति, सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है, जो जनसंख्या गणना के लिए आधार तैयार करती है और आवास नीतियों के निर्माण में भी सहायक होती है।

मौसम

प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर रूक—रूक कर हल्का हिमपात हो रहा है जबकि निचले क्षेत्रों में कहीं—कहीं वर्षा व ओलावृष्टि का समाचार है। कुल्लू ज़िले में अटल टनल धुंधी व इसके आस—पास के क्षेत्रों में भी ताजा हिमपात हुआ है, जिसका यहां घूमने पहुंचे सैलानियों ने भरपूर आनंद लिया।

——————————————————